भारतीय वानिकी अनुसंधान
एवं शिक्षा परिषद्

# वानिकी समाचार

मई 2023
वर्ष 15 सं. 5

## भा.वा.अ.शि.प. की 29वीं वार्षिक आम बैठक

भा.वा.अ.शि.प. की 29वीं वार्षिक आम बैठक 20 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून में माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, श्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। श्री सी.पी. गोयल (वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, श्री ए.एस. रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. और अन्य सदस्यों ने बैठक में भाग लिया।

### अनुक्रमणिका

| अनुक्रमणिका | पृ.सं. |
|---|---|
| भा.वा.अ.शि.प. की 29वीं वार्षिक आम बैठक | 01 |
| राष्ट्रीय वन कीट संग्रह (एनएफआईसी) और सतत भूमि प्रबंधन पर उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन | 01 |
| प्रकाशनों का विमोचन | 01 |
| आजादी का अमृत महोत्सव और लाइफ | 02 |
| महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 06 |
| परामर्श कार्य | 07 |
| प्रदर्शनी में भागीदारी | 07 |
| कार्यशालाएं/सेमिनार/बैठक | 07 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 09 |
| समझौता ज्ञापन | 12 |
| वन विज्ञान केन्द्र के अंतर्गत गतिविधि | 12 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 12 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 13 |
| संस्थानों का दौरा | 15 |
| आकाशवाणी/दूरदर्शन के माध्यम से वानिकी का लौकिकीकरण | 15 |
| विविध | 16 |
| मानव संसाधन समाचार | 16 |


भा.वा.अ.शि.प. की 29वीं वार्षिक आम बैठक


राष्ट्रीय वन कीट संग्रह (एनएफआईसी)


सतत भूमि प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र

## राष्ट्रीय वन कीट संग्रह (एनएफआईसी) और सतत भूमि प्रबंधन पर उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन

माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, श्री भूपेन्द्र यादव ने श्री सीपी गोयल (वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, श्री ए.एस. रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. और भा.वा.अ.शि.प. सोसाइटी के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में 20 मई 2023 को राष्ट्रीय वन कीट संग्रह और सतत भूमि प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया।

## प्रकाशनों का विमोचन

माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, श्री भूपेन्द्र यादव ने सतत भूमि प्रबंधन पद्धतियों को प्राप्त करने के लिए ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए भा.वा.अ.शि.प., देहरादून में दो प्रकाशन जारी किए:

1. टेक्निकल पेपर ऑन पाथवे टू अचीव एलडीएन इन इंडिया।
2. कॉम्पेंडियम ऑफ सस्टेनेबल लैंड मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज।



प्रकाशनों का विमोचन

## आजादी का अमृत महोत्सव तथा लाइफ (LiFE)

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा 11 मई 2023 को व.अ.सं. परिसर और कांवली गार्डन, देहरादून की न्यू फॉरेस्ट कॉलोनी में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में आगंतुकों और व.अ.सं. परिसर के सभी निवासियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा 11 मई 2023 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर, एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डॉ. रेनू सिंह, भा.व.से., निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून ने किया
- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा 16 मई 2023 को व.अ.सं. में साइकिल के उपयोग के लिए एक अभियान का आयोजन किया गया और व.अ.सं. के सभी कर्मचारियों को हर महीने कम से कम एक बार साइकिल से आने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा 22 मई 2023 को ''शहरी वन और पर्यावरणः प्रभाव, अनुकूलन और प्रशमन'' पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया



भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा ''शहरी वन और पर्यावरणः प्रभाव, अनुकूलन और प्रशमन'' पर एक व्याख्यान का आयोजन

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर

भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा 26 मई 2023 को कोयंबटूर कलेक्टरेट में आयोजित कोयंबटूर जिला कृषि उत्पादकों की बैठक के दौरान किसानों के लिए 'कैसुरीना विंडब्रेक क्लोन' पर एक वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री क्रांति कुमार पति, भा.प्र.से. ने किसानों को पवनरोधी क्लोन वितरित किए।



भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा 'कैसुरीना विंडब्रेक क्लोन' पर एक वार्ता का आयोजन

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 15 मई 2023 को पक्षी अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों, छात्रों और परिसर के अन्य निवासियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 25 मई 2023 को ''कैंसर और इसकी रोकथाम पर सामान्य जागरूकता'' पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया।
- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं द्वारा 26 मई 2023 को हाइब्रिड मोड में एकीकृत कीट प्रबंधन में पौधों के वाष्पशील पदार्थों की भूमिका पर एक मासिक सेमिनार का आयोजन किया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा पक्षी अवलोकन गतिविधि का आयोजन

## भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा 5 मई 2023 को वन अनुसंधान केंद्र, मंदार, रांची में ''बांस प्रबंधन कलाकृतियाँ'' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मंदार के प्रमुख श्री प्रकाश खलखो भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान करते हुए पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया।
- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं. रांची द्वारा 10 मई 2023 को डेमो ग्राम कुटम में ''पर्यावरण के साथ–साथ मानव के लिए जैविक खाद के उपयोग के लाभ'' पर वर्मीकम्पोस्टिंग पर एक कार्यक्रम और ''मधुमक्खी के प्रबंधन'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं. रांची द्वारा ''बांस प्रबंधन कलाकृतियाँ'' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं, रांची द्वारा ''मधुमक्खी प्रबंधन'' पर एक कार्यशाला का आयोजन

- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची और पूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय, रांची द्वारा 10 मई 2023 को एक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 42 लोगों ने भाग लिया एवं प्रतिभागियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।
- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा अर्बन खेती और टीम ग्रीन के साथ मिलकर 19 मई 2023 को योगदा सत्संग महाविद्यालय, धुर्वा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विकेंद्रीकृत कैंपस कंपोस्टिंग के लिए छात्रों और कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम में योगदा सत्संग महाविद्यालय, धुर्वा के प्राचार्य, शिक्षक और छात्रों सहित कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा 21 मई 2023 को विभिन्न स्कूलों के 30 छात्रों के लिए कराटे पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण मिशन शक्ति फाउंडेशन द्वारा मेडिसिनल गार्डन, भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के परिसर में दिया गया था।




भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा कराटे पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

### भा.वा.अ.शि.प.– हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा 11 मई 2023 को केंद्रीय विद्यालय, जतोग कैंट (शिमला) हिमाचल प्रदेश में एक वैज्ञानिक प्रदर्शनी सह पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 9वीं से 12वीं कक्षा के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा 27 मई 2023 को जगतसुख, मनाली (हिमाचल प्रदेश) में ''शीतोष्ण औषधीय पौधों का संरक्षण और प्रवर्धन'' पर पर्यावरण जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों के लगभग 50 किसानों और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जगतसुख के छात्रों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा 29 मई 2023 को ''करो संभव'' (एनजीओ) के सहयोग से ई–कचरा कम करने पर एक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा ''शीतोष्ण औषधीय पौधों का संरक्षण और प्रवर्धन'' पर पर्यावरण जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन


भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा ई–कचरा कम करने पर एक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा 10 मई 2023 को वृक्षारोपण और जैव विविधता संवर्धन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैरियर ब्रिज अकादमी, जोधपुर के कक्षा 9 से 11 के कुल 75 छात्रों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा 11 मई 2023 को ''गाय के गोबर से बायो–गैस के उत्पादन की विधि, ऊर्जा बचाने और लाभ कमाने के लिए इसके उपयोग'' के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में गुजरात के तापी जिले के चिकलाडा, सनवाड़ी गांव के 24 ग्रामीणों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा 15 मई 2023 को आर्मी पब्लिक स्कूल, जोधपुर में रिफ्रेशर कोर्स के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के 400 शिक्षकों के लिए ''पर्यावरण और प्रदूषण'' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा 30 मई 2023 को ''स्वस्थ जीवन के लिए घर में आयुर्वेद के औषधीय पौधे'' और ''जैविक खेती'' पर व्याख्यान कार्यक्रम की एक श्रृंखला आयोजित की गई। सत्र में जेआरएफ, परियोजना सहायक, फील्ड असिस्टेंट और पीएचडी विद्वानों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा ''गाय के गोबर से बायो–गैस के उत्पादन की विधियां, ऊर्जा बचाने और लाभ कमाने के लिए इसके उपयोग'' के बारे में बताया गया


भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा ''पर्यावरण और प्रदूषण'' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया

### भा.वा.अ.शि.प.– आजीविका विस्तार केंद्र, अगरतला

भा.वा.अ.शि.प.–आ.वि.के., अगरतला द्वारा 19 मई 2023 को ''वर्मीकम्पोस्टिंग और औषधीय पौधों'' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 40 वन रक्षक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2023

भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून, भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर, भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु, भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला, भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद, भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची, भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट, भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर, भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर और भा.वा.अ.शि.प.–पा.पु.के., प्रयागराज द्वारा 22 मई 2023 को ''फ्रॉम अग्रीमेंट टू एक्शनः बिल्ड बैक बायोडायवर्सिटी'' विषय के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया।


भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा जैव विविधता दिवस 2023 मनाया गया



भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा जैव विविधता दिवस 2023 मनाया गया


भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा जैव विविधता दिवस 2023 मनाया गया



भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा जैव विविधता दिवस 2023 मनाया गया


भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा जैव विविधता दिवस 2023


भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा जैव विविधता दिवस 2023 मनाया गया


भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा जैव विविधता दिवस 2023 मनाया गया



भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा जैव विविधता दिवस 2023 मनाया गया



भा.वा.अ.शि.प.–पा.पु.के., प्रयागराज द्वारा जैव विविधता दिवस 2023 मनाया गया

## महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- चयनित महत्वपूर्ण वानिकी प्रजातियों की पौध उगाने के लिए उन्नत पादप उत्पादकता के लिए श्रेष्ठ जैव–उर्वरकों का विकास किया गया। *मेलिना आर्बोरिया* के पौधे उगाए गए हैं। पौधशाला में *मेलिना आर्बोरिया* नवोद्भिदों को विभिन्न संयोजनों में दिए जाने वाले व.आ.वृ.प्र.सं. जैव–उर्वरकों के इनोकुलम की एक मानकीकृत खुराक शुरू की गई है।
- मझराना (हिमाचल प्रदेश) में स्थित *नियोलिट्सिया पैलेन्स* की पत्तियों से अलग किए गए 25% जलीय मेथनॉल अर्क का LCQTOFMS का उपयोग करके रसायनिक लक्षण वर्णन किया गया और फ्लेवोनोइड्स के प्रभुत्व वाले कुल 70 घटकों की पहचान की गई।
- बुद्धवन, आमवाला उपरला और मालदेवता में *हाइप्टिस सुवेओलेंस* हवाई भागों से प्राप्त सगंध तेलों की रसायनिक संरचना की पहचान जीसी–एमएस तकनीक की मदद से की गई। *हाइप्टिस सुवेओलेंस* के छाया में सुखाये गए हवाई भाग (5 ग्राम) को गर्म हेक्सेन, क्लोरोफॉर्म और 25% जलीय मेथनॉल के साथ क्रमिक रूप से सॉक्सलेट से निकाला गया। उनके संबंधित रसायनिक विश्लेषणों के लिए उनके संबंधित अर्क की उपज 12.5%, 5.8% और 7.2% थी। *यूपेटोरियम एडेनोफोरम* की पत्तियों से पृथक पॉलीसेकेराइड का एल्डिटोल एसीटेट तैयार किया गया और घटक मोनोसेकेराइड के अनुपात का अध्ययन करने के लिए जीएलसी का उपयोग करके उनका विश्लेषण किया गया। गैलेक्टोज, अरेबिनोज, जाइलोज और मैनोज के साथ ग्लूकोज को प्रमुख घटक पाया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर

- एनपीएफजीआर कार्यक्रम के अंतर्गत, त्रिशूर प्रभाग के मचाड रेंज में सर्वेक्षण किया गया है, जहां *अल्बिजिया प्रोसेरा* और *स्टेरकुलिया यूरेन्स* की अधिक आबादी देखी गई है।
- आर्द्र सदाबहार वन, बोनाकौड, अगस्तियामलाई बायोस्फीयर रिजर्व, केरल में दीर्घकालिक पारिस्थितिक अनुश्रवण भूखंड (10 हेक्टेयर) स्थापित किया गया है। अध्ययन स्थल की जैव विविधता का मूल्यांकन 30 ट्रांसेक्ट (250मी*4मी) का उपयोग करके किया गया। कुल 407 प्रजातियाँ और 15107 व्यष्टि दर्ज किए गए। विश्लेषण से पता चला कि *गॉर्डोनिया क्यूमिन* प्रजाति में सबसे अधिक बहुतायत (7.91) दिखाई दी, इसके बाद *जैंथोफाइलम* फ्लेवेसेंस (7.51) और *अपोरोसा क्यूमिनेट* (5.97) का स्थान रहा। जैव विविधता सूचकांक का मान सिम्पसन सूचकांक के लिए 0.7514 से 0.9657 और शैनन सूचकांक के लिए 2.307 से 3.989 तक भिन्नता देखी गई।

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- मेसर्स इंडियन टिम्बर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में बीएस–476 / आईएस–3614 के अनुसार 120 मिनट की रेटिंग के लिए फायर रिटार्डेंट डोर शटर का विकास कार्य पूरा किया गया।
- ''इसके गुणों में सुधार के लिए अग्निरोधी संसेचित काष्ठ का उष्ण संशोधन'' शीर्षक वाली परियोजना के अंतर्गत अग्निरोधी (डीएपी–20% / डीसीडी–4%) को शामिल करने से एच *ब्रासिलिएन्सिस* के फ्लेक्सरल गुणों में महत्वपूर्ण कमी आई। हालाँकि, DAP / DCD के साथ संयोजन में नैनो–SiO (2.5%) का उपयोग फ्लेक्सरल गुणों को बहाल करने में सक्षम हो सकता है।
- ''निर्माण और पैकिंग इकाइयों के लिए अपशिष्ट पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक सामग्री से प्लास्टिक बॉन्डेड बांस मैट बोर्ड और प्लास्टिक बॉन्डेड प्लाईवुड (पीबीबी और पीबीपी) का विकास'' नामक डीएसटी परियोजना के अंतर्गत, मैसर्स पंजाब वुड, युमाना–नगर, हरियाणा में औद्योगिक परीक्षण किया गया और व्यावसायिक आकार के 30 बोर्ड तैयार किये गये। एमआर ग्रेड प्लाईवुड के लिए बोर्डों का भारतीय मानक (आईएस 303 और आईएस 1734) के अनुसार परीक्षण किया गया और सभी गुण आवश्यकता से काफी बेहतर पाए गए। इस उत्पाद का भा.वा.अ.शि.प. की 29वीं वार्षिक आम बैठक में माननीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री द्वारा विमोचन किया गया।




''निर्माण और पैकिंग इकाइयों के लिए अपशिष्ट पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक सामग्री से पीबीबी और पीबीपी'' का विमोचन

### भा.वा.अ.शि.प.–वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

- आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम जिले के समुद्र तट पर 32 कुलों की कुल 81 रेत बांधने वाली प्रजातियों की पहचान की गई।
- आंध्र विश्वविद्यालय परिसर से 90 प्रजातियों और 48 कुलों से संबंधित औषधीय रूप से महत्वपूर्ण पौधों की कुल 101 प्रजातियों की पहचान की गई।
- समुद्री जल के भौतिक–रसायनिक विश्लेषण और तलछट गुणवत्ता मापदंडों की जांच के आधार पर यह पाया गया कि तटीय विशाखापत्तनम के रुशिकोंडा और अप्पीकोंडा क्षेत्रों के पानी और तलछट की गुणवत्ता खराब हो गई है।

## परामर्श कार्य

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून

विभिन्न वैज्ञानिक परामर्शी परियोजनाओं पर काम किया गया और निम्नलिखित रिपोर्टें संबंधित एजेंसियों को प्रस्तुत की गईं:

1. कुसमुंडा, एसईसीएल, छत्तीसगढ़ की पर्यावरण अंकेक्षण पर अंतिम रिपोर्ट एसईसीएल कोरबा, छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत की गई।
2. एमसीएल के जगन्नाथ ओसीपी की अंतिम पर्यावरण अंकेक्षण रिपोर्ट कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), कोलकाता को प्रस्तुत की गई।
3. केटीके III ओसी और आरजी III ओसी खान परियोजना, एससीसीएल की ड्राफ्ट ईसी अनुपालन अंकेक्षण रिपोर्ट एससीसीएल माइंस को प्रस्तुत की गई।
4. बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स, दंतेवाड़ा जिला, छत्तीसगढ़ के डिपॉजिट–10 के लिए पर्यावरण प्रबंधन, पुनर्ग्रहण और पुनर्वास योजना पर अंतिम रिपोर्ट एनएमडीसी, छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत की गई।
5. ब्लॉक–बी, एनसीएल के पर्यावरण अंकेक्षण पर अंतिम रिपोर्ट सीआईएल को प्रस्तुत की गई।
6. जगन्नाथपुर ओसीपी, एसईसीएल के पर्यावरण अंकेक्षण पर ड्राफ्ट रिपोर्ट सीआईएल को प्रस्तुत की गई।

## प्रदर्शनी में भागीदारी

भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने 12 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट में ग्रामीण जागरूकता कार्य अनुभव कार्यक्रम (आरएडब्ल्यूईपी) के अंतर्गत असम कृषि विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष के यूजी छात्रों द्वारा कोलियापानी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, जोरहाट में आयोजित प्रदर्शनी में भाग लिया। प्रदर्शनी में संस्थान की अनुसंधान और विकासात्मक गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा कोलियापानी स्थित केवीके, जोरहाट में प्रदर्शनी में भाग लिया

## कार्यशाला/सेमिनार/बैठक

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून** | | |
| 1. | वार्षिक कार्य योजना पर वर्चुअल बैठक | 9 मई 2023 | भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के वैज्ञानिक |
| 2. | वर्चुअल मोड के माध्यम से योजना परियोजनाओं की 2022–23 की वार्षिक समीक्षा बैठक | 15 मई 2023 | भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के निदेशक और वैज्ञानिक |
| | **भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 3. | ''पौधों से उत्पन्न औद्योगिक रूप से उपयोगी कच्चे माल के मूल्यवर्धन के अवसर'' विषय पर सेमीनार | 24 मई 2023 | वैज्ञानिकों, तकनीकी सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों, अनुसंधान विद्वानों और व.अ.सं. और भा.वा.अ.शि.प. के अन्य संस्थानों के परियोजना कर्मचारियों सहित 43 प्रतिभागी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | ''मिशन LiFE के विशेष संदर्भ में वानिकी में पानी की आवश्यकता के आकलन में प्रगति'' विषय पर संगोष्ठी | 25 मई 2023 | छात्रों, वैज्ञानिकों और राज्य वन विभाग सहित 65 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु** | | | |
| 5. | ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस – नया वन संरक्षक'' पर व्याख्यान | 29 मई 2023 | - |
| 6. | ''चंदन की खेती और इसकी संभावनाएं'' पर कार्यशाला | 31 मई से 2 जून 2023 | देश भर से आये अधिकारी |




भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा ''मिशन लाइफ के विशेष संदर्भ में वानिकी में जल आवश्यकता अनुमान में प्रगति'' विषय पर सेमिनार का आयोजन



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा ''चंदन की खेती और इसकी संभावनाएं'' पर कार्यशाला का आयोजन

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयी वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | | |
| 7. | माइक्रोबियल जैव–कीटनाशकः अवसर और चुनौतियाँ पर सेमीनार | 1 मई 2023 | - |
| 8. | ''बेहतर भविष्य के लिए वैयक्तिक सशक्तिकरण'' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन | 12 से 14 मई 2023 | 20 देशों के वैज्ञानिक और 200 पेशेवर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | ''उत्तर–पूर्वी हिमालय में रोडोडेंड्रोन विविधता और उनके संरक्षण संबंधी मुद्दे'' पर मासिक अनुसंधान सेमीनार | 29 मई 2023 | वैज्ञानिकों, तकनीकी कर्मचारियों और अनुसंधान कर्मचारियों सहित 50 प्रतिभागी |
| | **भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 10. | आजीविका सुरक्षा के लिए अकाष्ठ वन उत्पाद/औषधीय और सुगंधित पौधों के मूल्य वर्धन और विपणन पर दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन | 2 से 3 मई 2023 | वैज्ञानिकों, तकनीकी अधिकारियों और अनुसंधान विद्वानों सहित 130 प्रतिभागी |
| 11. | 'आंध्र प्रदेश में टीओएफ विस्तार के लिए गुणवक रोपण सामग्री आपूर्ति पर रोड मैप' पर कार्यशाला | 16 मई 2023 | राज्य वन विभाग के अधिकारी, पौधशाला उत्पादक, काष्ठ आधारित उद्योग, गैर सरकारी संगठन, किसान और भा.कृ.अनु.प. वैज्ञानिक सहित 42 प्रतिभागी |



भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा ''बेहतर भविष्य के लिए वैयक्तिक सशक्तिकरण'' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा आजीविका सुरक्षा के लिए अकाष्ठ वन उत्पाद/औषधीय और सुगंधित पौधों के मूल्यवर्धन और विपणन पर दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 1. | यूनिकोड हिंदी टंकण | 29 मई से 2 जून 2023 | भा.वा.अ.शि.प. और भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून के कर्मचारी |

**भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | वन वृक्ष प्रजातियों की वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीकें | 15 से 19 मई 2023 | 10 वन रेंज अधिकारी और 8 वनपाल सहित 18 प्रतिभागी |

**भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | बांस की खेती | 24 मई 2023 | बंजर भूमि विकास संवर्धन सोसायटी (एसपीडब्ल्यूडी), साहेबगंज के 7 किसान |



वन वृक्ष प्रजातियों की वनस्पति प्रवर्धन तकनीकों पर प्रशिक्षण



बांस की खेती पर प्रशिक्षण

**भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | कृषि वानिकी मॉडल पर आधारित चंदन और उसके स्वास्थ्य | 16 मई 2023 | 100 किसान |
| 5. | रेजिन निर्माण और प्लाईवुड निर्माण | 22 मई 2023 | पीजीडीसी प्रशिक्षु |



कृषि वानिकी मॉडल पर आधारित चंदन और उसके स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण



रेजिन निर्माण और प्लाइवुड निर्माण पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | बायोडिग्रेडेबल खाद्य पैकेजिंग एकल उपयोग प्लास्टिक का एक विकल्प | 24 मई 2023 | काष्ठ आधारित उद्योग |
| **भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | | |
| 7. | स्थानीय रूप से उपलब्ध अकाष्ठ वन उत्पाद के मूल्यवर्धन पर कौशल विकास प्रशिक्षण | 29 से 31 मई 2023 | एसएचजी, खोनामुख, शिवसागर से 21 महिला प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | | |
| 8. | जैव–अपशिष्ट का पुनर्चक्रण | 16 मई 2023 | वैज्ञानिक, शोधकर्ता, सेंट अलॉयसियस कॉलेज, जबलपुर के छात्र और तकनीकी कर्मचारी सहित 55 प्रतिभागी |



वन वृक्ष प्रजातियों की वनस्पति प्रवर्धन तकनीकों पर प्रशिक्षण


बांस की खेती पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | स्वस्थ जीवन शैली के लिए औषधीय पेड़/पौधों की खेती | 17 मई 2023 | वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, सेंट अलॉयसियस कॉलेज, जबलपुर के छात्रों और तकनीकी कर्मचारियों सहित 135 प्रतिभागी |
| 10. | हर्बल उत्पादों का विकास एवं उपयोग | 24 मई 2023 | वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, छात्रों, तकनीकी कर्मचारियों, सरपंच, वन विभाग (संजीवनी जड़ी बूटी), किसानों और एनजीओ सहित 200 प्रतिभागी |
| 11. | पादप ऊतक संवर्धन पर लघु अवधि पाठ्यक्रम | - | सेंट अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जबलपुर के साथ समझौते के अंतर्गत 4 स्नातक छात्र |

## समझौता ज्ञापन

- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान (RRII), केरल के बीच 2 मई 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर और भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के बीच 9 मई 2023 को शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून की उपस्थिति में भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद और वन एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन अध्ययन केंद्र (सीईएफएनएआरएम), हैदराबाद और प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएसएयू), हैदराबाद के बीच वनों, जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी तंत्र, जलवायु परिवर्तन भेद्यता, जलवायु परिवर्तन प्रशमन और वन पर निर्भर समुदायों के अनुकूलन और आजीविका पर व्यावहारिक अनुसंधान कार्यक्रमों, क्षमता निर्माण और ज्ञान साझा करने में सहयोग करने के लिए 25 और 26 मई 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून की उपस्थिति में भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद और वन एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन अध्ययन केंद्र (सीईएफएनएआरएम), हैदराबाद के बीच समझौता ज्ञापन



भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद और प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएसएयू), हैदराबाद के बीच समझौता ज्ञापन

- वन विज्ञान केंद्र जगतसुख, मनाली के अंतर्गत वानिकी अनुसंधान और विस्तार को बढ़ावा देने के लिए 27 मई 2023 को डीएफओ कार्यालय, कुल्लू में भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला और डीएफओ कुल्लू, हिमाचल प्रदेश के बीच पांच साल के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## वन विज्ञान केंन्द्र के अंतर्गत गतिविधि

भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 12 मई 2023 को कृषि विज्ञान केंद्र, जोरहाट में ''वन आधारित स्वरोजगार के अवसर'' पर एक प्रस्तुति आयोजित की और भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट की गतिविधियों का प्रदर्शन किया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा केवीके, जोरहाट में ''वन आधारित स्वरोजगार के अवसर'' पर एक प्रस्तुति आयोजित की

## प्रकृति कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

देहरादून और चंडीगढ़ क्षेत्र से केंद्रीय विद्यालय के 51 प्राथमिक शिक्षकों ने 16 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया।



देहरादून और चंडीगढ़ क्षेत्र से केंद्रीय विद्यालय के 51 प्राथमिक शिक्षकों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर

'ओमेगा ट्राइब्स', कोयंबटूर द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के 34 प्रतिभागियों ने 23 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस वन संग्रहालय का दौरा किया।

### भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा 3 मई 2023 को केंद्रीय विद्यालय, हाजीपुर में वन अनुसंधान विस्तार केंद्र (एफआरईसी), जधुआ, हाजीपुर, बिहार के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता विषय पर एक ''प्रकृति'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए प्रकृति और मानव के बीच संबंधों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अशर्फी पासवान, शिक्षकगण एवं 8वीं, 9वीं एवं 10वीं कक्षा के लगभग 70 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।



स्कूल के प्रधानाचार्य श्री अशरफ पासवान ने शिक्षकों और 8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा के लगभग 70 छात्रों के साथ भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची का दौरा किया

- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा 10 मई 2023 को आदर्श मध्य विद्यालय, खूंटी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 42 लोग शामिल हुए।



भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा आदर्श मध्य विद्यालय, खूंटी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

### भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- मेलेंग हाई स्कूल के 17 छात्रों ने 11 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया और उन्हें संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।




मेलेंग हाई स्कूल के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया

- भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 11 और 12 मई 2023 को हाथीगढ़ हाई स्कूल, हाथीगढ़, जोरहाट के 32 छात्रों को संस्थान की विभिन्न अनुसंधान और विकास गतिविधियों जैसे बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन, मूल्य संवर्धन और बांस संरक्षण तकनीक, बांस चारकोल उत्पादन, बांस मिश्रित केंद्र, जैव प्रौद्योगिकी और ऊतक संवर्धन, लाख की खेती, वनस्पति उद्यान, ऑर्किडेरियम, अगर और वर्मीकम्पोस्टिंग के बारे में अवगत कराया गया।



हाथीगढ़ हाई स्कूल, हाथीगढ़, जोरहाट के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया

## जागरुकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर

- बिशप अप्पासामी कॉलेज, कोयंबटूर और मधुरम संगठन, कोयंबटूर के 78 छात्रों ने 12 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस फॉरेस्ट संग्रहालय का दौरा किया।

- महाराष्ट्र वन विभाग के सामाजिक वानिकी विंग के 14 रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 16 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस वन संग्रहालय का दौरा किया।



महाराष्ट्र वन विभाग के सामाजिक वानिकी विंग के रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस वन संग्रहालय का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयी वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर के वानिकी के 41 छात्रों ने 8 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं. शिमला का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों से अवगत कराया गया।
- सीओएफ, डॉ. वाईएस परमार, यूएचएफ, नौणी, सोलन के 28 बीएससी वानिकी तृतीय वर्ष के छात्रों ने एक संकाय सदस्य के साथ 19 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया। उन्हें हि.व.अ.सं. और एनडब्ल्यू हिमालय की औषधीय पौधों की विविधता के बारे में बताया गया।




सीओएफ, डॉ. वाईएस परमार, यूएचएफ, नौणी, सोलन से बीएससी वानिकी 3 वर्ष के छात्रों ने एक संकाय सदस्यों के साथ भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया

- वन प्रशिक्षण अकादमी हलद्वानी, उत्तराखंड के 3 संकाय सदस्यों के साथ 75 वन रेंज अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 31 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों से अवगत कराया गया।



वन प्रशिक्षण अकादमी हलद्वानी, उत्तराखंड के 3 संकाय सदस्यों के साथ वन रेंज अधिकारी प्रशिक्षुओं ने भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 17 मई 2023 को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम (RAWEP) के अंतर्गत असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट के 39 बी.एससी (कृषि) चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए संस्थान की विभिन्न अनुसंधान और विकास गतिविधियों जैसे बांस की खेती, प्रसार, नर्सरी प्रबंधन, मूल्य संवर्धन और बांस संरक्षण तकनीक, बांस चारकोल उत्पादन, बांस मिश्रित केंद्र, जैव प्रौद्योगिकी और ऊतक संस्कृति, लाख की खेती, वनस्पति उद्यान, ऑर्किडेरियम, अगर और वर्मीकम्पोस्टिंग का आयोजन किया गया।



RAWEP के अंतर्गत असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट के बीएससी (कृषि) चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, जबलपुर (म.प्र.) के 35 छात्रों ने 12 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया और उन्हें संस्थान की गतिविधियों के बारे में भी बताया गया।

## संस्थानों का दौरा

- श्री विनीत गर्ग, भा.प्र.से., अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग, चंडीगढ़ ने 8 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की और उसके बाद ऊतक संवर्धन लैब, उन्नत काष्ठकर्म प्रशिक्षण केंद्र और जाइलेरियम का दौरा किया।
- मद्रास इंजीनियर ग्रुप एंड सेंटर, बेंगलुरु के 27 प्रशिक्षुओं और 3 प्रशिक्षकों ने 24 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में जाइलेरियम, काष्ठ कर्मशाला, काष्ठ संग्राहलय और उन्नत काष्ठकर्म प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया।
- श्री राकेश कुमार डोगरा, भा.व.से., उप महानिदेशक (प्रशासन) भा.वा.अ.शि.प. ने केंद्र के प्रभारी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ केंद्र की चल रही गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए 26 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. कोलकाता केंद्र का दौरा किया।
- डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के डॉ. अपरूप दास, डॉ. कमरूज जमान और डॉ. विभूति बी काकोटी ने 31 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया और भविष्य में विश्वविद्यालय के साथ संभावित सहयोग के लिए अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों पर वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की।



महाराष्ट्र वन विभाग के सामाजिक वानिकी विंग के आरएफओ प्रशिक्षुओं ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस वन संग्रहालय का दौरा किया




श्री राकेश कुमार डोगरा, भा.व.से., उप महानिदेशक (प्रशासन) भा.वा.अ.शि.प. ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. कोलकाता केंद्र का दौरा किया

## आकाशवाणी/दूरदर्शन के माध्यम से वानिकी का लौकिकीकरण

| कार्यक्रम का विषय | चैनल | दिनांक |
|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| कृषिवानिकी | आकाशवाणी केंद्र, छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश) | 2 मई 2023 |
| **भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| बांस की खेती एवं उपयोग | आकाशवाणी, जोरहाट | 11 मई 2023 |
| **भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयी वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | |
| मंजिलः पर्यावरण संरक्षण में अध्ययन के साथ अवसर | दूरदर्शन | 22 मई 2023 |

## विविध

- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 13 मई 2023 को विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु के कर्मचारियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा 18 मई 2023 को शिक्षा केंद्र , गैस वन संग्राहलय में ''संग्रहालय, संवहनीयता और कल्याण'' विषय के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2023 मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों और जनता सहित 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2023 मनाया गया

- भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 26 मई 2023 को परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट के 85 कर्मचारियों ने भाग लिया।

## मानव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री एच.बी.डी. एंथनी, व.त.अ., भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर | 31.05.2023 |

### प्रतिनियुक्ति पर नियुक्तियाँ

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री महालिंग (झारखंड:2010), डीसीएफ, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून | 11.05.2023 |
| श्री दर्शन गट्टानी, भा.व.से. (केआर:2018), डीसीएफ, भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर | 29.05.2023 |

### स्थानांतरण

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री नरेंद्र कुमार श्रृंगी, अवर सचिव भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं. से भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय | 08.05.2023 |

**संरक्षकः**

श्री अरूण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून

**संपादक मंडलः**

डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष

डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक

श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक, (राजभाषा), सदस्य

**प्रत्याख्यान**

- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।